कार्यालय नगर निगम, जयपुर

(पण्डित दीन दयाल उपाध्याय भवन लालकोठी, जयपुर)

क्रमांकः– एफ–6 (   ) आ.राज. (सा.प्र.)/ननिज/2012/298   दिनांकः–27-12-12

नीलामी सूचना

नगर निगम जयपुर सीमा में सार्वजनिक स्थलों पर यूनिपोल साईट, साईज **(16'X8' एवं 30'X15')**, कियोस्क बोर्ड (बिजली के खम्बों पर लगाये जाने वाले छोटे बोर्ड), ट्राईऐंग्यूलर साईनेज (रोड़ आईलैण्ड पर) विज्ञापन करने का लाईसेन्स नीलामी द्वारा लाल कोठी मुख्यालय, ग्राउन्ड़ फ्लोर पर कमरा नं. 106 के बाहर किया जायेगा। जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

नीलामी दिनांक **15.01.2013 से 17.01.2013 एवं 21.01.2013 तक** रोजाना प्रातः 11:00 बजें से सायं 5.00 बजे तक को की जावेगी, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

क्र. सं.	जोन का नाम	दिनांक	अमानता राशि
1.	कियोस्क–सिविल लाईन जोन, विद्याधर नगर जोन, सांगानेर जोन एवं आमेर जोन	15.01.2013	कियोस्क के 1,00,000/– रू. (एक लाख रू.) प्रत्येक जोन कियोस्क
2.	कियोस्क–मोती डूंगरी जोन, हवामहल जोन (पूर्व), मानसरोवर जोन	16.01.2013	कियोस्क के 1,00,000/– रू. (एक लाख रू.) प्रत्येक जोन कियोस्क
3.	युनीपोल सिविल लाईन जोन, मोती डूंगरी जोन, हवामहल जोन (पूर्व)	17.01.2013	16'X8' साईज के यूनिपोल के 5,000/– रू. (पांच हजार रू.) प्रति साईट व 30'X15' साईज के यूनिपोल के 15,000/– रू. (पन्द्रह हजार रू.) प्रति साईट
4.	यूनीपोल विद्याधर नगर जोन, आमेर जोन, मानसरोवर जोन एवं सांगानेर जोन, ट्राईऐंग्यूलर साईनेज (रोड़ आईलैण्ड पर) एवं शेष रही यूनिपोल्स साईटें, कियोस्क आदि।	21.01.2013	16'X8' साईज के यूनिपोल के 5,000/– रू. (पांच हजार रू.) प्रति साईट व 30'X15' साईज के यूनिपोल के 15,000/– रू. (पन्द्रह हजार रू.) प्रति साईट ट्राईऐंग्यूलर साईनेज प्रति (रोड़ आईलैण्ड पर) के 5,000 /– रू. (पांच हजार रू.) एवं शेष उपरोक्तानुसार।

P.T.O.

नीलामी की प्रमुख शर्तें :–

1. उपरोक्त यूनिपोल, कियोस्क बोर्ड (बिजली के खम्बों पर लगाये जाने वाले छोटे बोर्ड), ट्राईऐंग्यूलर साईनेज (रोड़ आईलैण्ड पर) विज्ञापन लाईसेन्स जारी अवधि से (एक वर्ष तथा दो वर्ष नवीनीकरण) के लिए नीलाम किये जावेंगे।
2. इच्छुक बोलीदाता को बोली लगाने से पूर्व शर्तों के अनुसार अमानता राशि नगद या बैंक ड्राफ्ट से नियमानुसार जमा करवाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक यूनिपोल, कियोस्क बोर्ड (बिजली के खम्बों पर लगाये जाने वाले छोटे बोर्ड), ट्राईऐंग्यूलर साईनेज (रोड़ आईलैण्ड पर) की नीलामी एकसाथ की जावेगी।
3. उच्चतम बोलीदाता फर्म को नीलामी की चौथाई राशि (1/4) तुरन्त मौके पर जमा करानी होगी।
4. किसी भी नीलामी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम जयपुर को होगा।
5. यूनिपोलों, कियोस्क बोर्ड (बिजली के खम्बों पर लगाये जाने वाले छोटे बोर्ड), ट्राईऐंग्यूलर साईनेज (रोड़ आईलैण्ड पर) की संख्या में कमी या बढोत्तरी की जा सकेगी।
6. नीलामी की अन्य शर्तें एवं यूनिपोल, कियोस्क बोर्ड (बिजली के खम्बों पर लगाये जाने वाले छोटे बोर्ड), ट्राईऐंग्यूलर साईनेज (रोड़ आईलैण्ड पर) की सूची व शर्तो की जानकारी राजस्व अधिकारी (होर्डिंग्स), निगम मुख्यालय प्रथम तल, नई बिल्डिंग, कमरा नम्बर SW-205 में कार्यदिवस समय में देखी जा सकती है एवं सूचना पट्ट निगम मुख्यालय पर भी देखी जा सकती है।
7. नीलामी स्थल पर बोलीदाता के अतिरिक्त एक ही व्यक्ति साथ रह सकता है। एक से अधिक व्यक्ति साथ नहीं रहेंगे।
8. नीलामी स्थल पर बोलीदाता एवं उसका सहयोगी मोबाइल फोन नहीं रख सकेगा एवं मोबाइल का उपयोग नहीं करेगा।

आयुक्त (राजस्व)
नगर निगम जयपुर

<u>प्रतिलिपि</u> :–
1. जनसम्पर्क अधिकारी, नगर निगम जयपुर को भेजकर लेख है कि उपरोक्त नीलामी सूचना को प्रमुख राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्रों में छपवाने की व्यवस्था करें ।
2. प्रोग्रामर, नगर निगम जयपुर को भेजकर लेख है कि उपरोक्त नीलामी सूचना को नगर निगम की वेबसाईट पर प्रदर्शित करावे।

आयुक्त (राजस्व)
नगर निगम जयपुर